ख्वाजा साहब की दरगाह में जन्नती दरवाजा खुला, खुदा की इबादत में झुकाया शीश

बिजयनगर में सुभाष नगर स्थित ईदगाह में नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे को मुबारकबाद दी।

ईद उल फितर पर सूफी संत ख्वाजा साहब की दरगाह में जन्नती दरवाजा आम जायरीन के लिए खोला।

अजमेर, (कासं)। प्यार और भाईचारे की भावना का प्रतीक ईद उल फितर के पर्व पर खुदा की इबादत में ख्वाजा साहब की दरगाह सहित ईदगाह व मस्जिदों में सजदे में सर झुके। सभी ने देश व प्रदेश में अमन चैन व भाईचारा की दुआ मांगी।

मुस्लिम समाज ने ईद का पर्व शहर सहित जिले भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया। ईद के मौके पर सूफी संत ख्वाजा साहब की दरगाह में जन्नती दरवाजा आम जायरीन के लिए खोला गया। ईद की नमाज में बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। ईद की नमाज को देखते हुए सुरक्षा के व्यापाक इंतजाम किए गए, बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

रमजान माह के समापन पर सोमवार को ईद-उल-फितर का पर्व शहर सहित जिले भर में मुस्लिम भाईयों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया। अजमेर में मुख्य नमाज केसरगंज स्थित ईदगाह में हुई। शहर काजी मौलाना तौसीफ अहमद सिद्दीकी ने नमाज अदा कराई। ख्वाजा साहब की दरगाह परिसर सहित शाहजहानी मस्जिद, केसरगंज स्थित ईदगाह और नौसर स्थित ईदगाह सहित विभिन्न मस्जिद में नमाज अदा कर देश में अमन चैन व भाई चारगी की दुआ मांगी। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी। इससे पूर्व ख्वाजा साहब की दरगाह में स्थित शाहजहानी मस्जिद में ईद की नमाज 8 बजे अदा की गई। इस मौके पर मौलाना ने कहा कि मुसलमान का काम नेकी करना और भाईचारे के साथ रहना है, हमें दूसरों से अच्छा व्यवहार करना चाहिए।

ईद के मुबारक मौके पर ख्वाजा साहब की दरगाह स्थित जन्नती दरवाज आमजायरीन के लिए खोला गया। खादिम सैयद फजले अमीन चिश्ती ने बताया कि आस्ताना शरीफ व जन्नती दरवाजा तड़के 4 बजे खोला गया। फजर की नमाज के बाद से ही जन्नती दरवाजे से गुजरने के लिए अकीदतमंदों में होड़ मच गई, हर कोई दरवाजे से गुजरना चाहा रहा था, दोपहर 2:30 बजे बाद दरवाजा मामूल कर दिया गया। रहमान खान ने बताया कि नमाज के बाद लोग घरों पर पहुंचे और अपने परिवार व परिजन के अलावा अजीजओ के साथ ही मेहमानों को खीर और सिवइयां खिलाकर मुंह मीठा कराया गया। घरों पर महिलाओं ने नमाज अदा की। बड़ों ने बच्चों को उनकी पसंद की ईदी दी तो छोटों ने बड़ों से दुआएं ली।

पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने केसरगंज ईदगाह पर मुस्लिम के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

सांप्रदायिक सौहार्द प्रेम एवं भाईचारे का प्रतीक ईद के पावन पर्व पर अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय जैन के नेतृत्व में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने केसरगंज स्थित ईदगाह पर मुस्लिम भाइयों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

विजय जैन ने कहा कि ईद के पावन पर पर हमारी दुआ है कि देश में अमन चैन और आपसी भाईचारा कायम रहे और देश एवं प्रदेश प्रगति के पथ पर अग्रसित हो।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री नसीम अख्तर इंसाफ ने कहा खुशियों का यह पावन त्योहार सभी के जीवन में अमन.चैन, भाईचारा और समृद्धि लेकर आए। प्रदेश में शांतिए खुशहाली और उन्नति बनी रहे। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे महेंद्र सिंह रलावता ने कहा कि शांति और सौहार्द के पाक अवसर ईद खुशियों का यह त्यौहार प्रदेश में अमन.चैन एवं खुशहाली और उन्नति लेकर आए।

बिजयनगर संवाददाता के अनुसार : मुस्लिम समाज ने अमन चैन और भाईचारे का संदेश देने वाला ईद उल फितर त्यौहार सोमवार को परंपरागत हर्षोउल्लास साथ मनाया गया।

स्थानीय सुभाष नगर स्थित ईदगाह में ईद उल फितर ईद के सामूहिक नमाज ईदगाह में सुबह 8:30 पर जामा मस्जिद इमाम मौलाना इरफान रजा नईमी द्वारा अदा करवाई गई।

इस अवसर पर खुतबा और सामूहिक दुआ के बाद लोग गले मिलकर एक दूसरे को मुबारकबाद दी। मुल्क में अमन चैन और खुशहाली की दुआ की गई। घरों पर खीर और सवैया बनाई गई।बच्चों को ईदी मिली। ईदगाह में एतकाफ में बैठने वालों का गुलपोशी से इस्तकबाल किया गया।

इस अवसर पर जामा मस्जिद पूर्व सदर अब्दुल हकीम चौधरी, मोहर्रम सदर अब्दुल शकूर पठान, पार्षद मोहम्मद दाऊद कुरैशी चंदा कॉलोनी, पूर्व सदर हाजी बाबू दीन मंसूरी, हाजी हाकीम अली खान, कायमखानी जामा मस्जिद पूर्व खजांची मास्टर अब्दुल हमीद बिसायती, मास्टर अख्तियार अली एवं समाज के सचिव शम्भू खां पठान, इंजीनियर अब्बास अली, अब्दुल रब मंसूरी, अब्दुल सलीम मंसूरी, पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, पूर्व पार्षद सीताराम पंवार, पार्षद नौशाद मोहम्मद, पार्षद शहजाद मंसूरी, कब्रिस्तान सदर मंजूर अहमद, पूर्व सदरहाजी शेर मोहम्मद खान पठान, पीर मोहम्मद देशवाली, हाजीउमर खान देशवाली, चंदा कॉलोनी मस्जिद सदर मुमताज अली पठान सहित गणमान्य लोगों ने ईदगाह पहुंचकर समुदाय जन को ईद उल फितर की मुबारकबाद दी। थाना अधिकारी करण सिंह खंगारोत मय जाब्ते के मौजूद रहे।

महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव की विशेष तैयारी करने पर चर्चा की

ब्यावर, (निसं) भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के भव्य आयोजन को लेकर जैन समाज की विभिन्न महिला मंडलों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में महोत्सव को और अधिक आकर्षक और भव्य बनाने के लिए विचार-विमर्श किया गया, जहां सभी महिला मंडल प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

मीडिया संयोजक रूपेश कोठारी ने जानकारी दी कि बैठक में कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तय की गई। 8 और 9 अप्रैल को महिला मंडलों द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 10 अप्रैल को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें समाजजन बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। साथ ही, प्रातः स्वाध्याय, दोपहर में गौतम प्रसादी एवं सांयकालीन भजन संध्या का आयोजन होगा, जो श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक संयोग का अवसर होगा।बैठक में समाज के गणमान्यजनों सहित विभिन्न महिला मंडलों की सक्रिय सहभागिता रही।

इस अवसर पर महेंद्र सांखला, पदमचंद बंब, हेमंत बाबेल, दिलीप बाबेल, महेंद्र छाजेड़, अरिहंत कांकरिया, रूपेश कोठारी इत्यादि महोत्सव संयोजक के अलावा विभिन्न महिला मंडल प्रतिनिधि सन्ध्या कोकलिया, बृजलता नाहर, संगीता कटारिया, दक्षा गन्ना, सुनीता सिंघवी, शिल्पा पोखरना, रुचि गादीया, राजकुमारी बोहरा, रचना कोठारी, नीतू मकाना, ललिता तातेड़, सुरभि रांका, सुशीला लोढ़ा, रेखा मोदी, रंजना डोसी, मोनिका चोरडिय़ा, शांता डांगी, संजना काँकरिया, रेणु चोपड़ा, नीलम सुराणा, सोनू बोहरा, हर्षिता चौधरी, रूपल बम्ब, दर्शना जैन, विनय डोसी, मंजुला जांगड़ा, श्वेता खटोड़, संगीता बुरड़, कांता भंसाली, पूजा छललानी, ईशा जैन, सुमिता बाबेल, कुसुम बिनायकिया, साक्षी बोहरा, मंजू बाफना, शशिकला डांगी, वीणा नाहर, प्रमिला बोहरा आदि सहित बड़ी संख्या में महिला मंडलों की सदस्य उपस्थित रहीं। सभी ने आयोजन को भव्यता प्रदान करने हेतु पूर्ण सहयोग एवं सहभागिता का संकल्प लिया।भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव को समाज के सभी वर्गों की भागीदारी से ऐतिहासिक एवं दिव्य स्वरूप प्रदान करने की तैयारी चल रही है। महिला मंडलों की सक्रिय भूमिका से यह आयोजन धार्मिक एवं सांस्कृतिक समरसता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करेगा।

वार्ड 68 में विकास कार्य शुरू

अजमेर, (कासं)। अजमेर नगर निगम के वार्ड 68 में सोमवार को पार्षद कोष से बनने वाली सी.सी. रोड व नाली निर्माण के विकास कार्य का शुभारम्भ किया गया।

वार्ड पार्षद अनिता चौरसिया ने बताया कि पिछले लम्बे समय से क्षेत्रवासी सडक व नाली की समस्या से जुझ रहे थे।

पार्षद कोष से वार्ड में लगातार विकास कार्य करवाए जा रहे है। इस मौके पर सुन्दर विलास विकास समिति के अध्यक्ष गौरी शंकर भार्गव, कोषाध्यक्ष गोपाल माथुर तथा डॉ. संजय पुरोहित, सन्तोष नाथ देवडा, आदि मौजूद रहे।

ईसर-गणगौर की सवारी देखने के लिए लोग उमड़े

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। गणगौर महोत्सव समिति की ओर से डाक बंगला से शुरू ईशर गणगौर की सवारी के दर्शानार्थ आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा।

डाक बंगला में केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी, उनकी पत्नी अंजना चौधरी, अध्यक्ष सूर्यप्रकाश खंडेलवाल व अमित कांकानी ने पूजा अर्चना कर सवारी का विधिवत शुभारंभ किया। मुख्य मार्गो पर विभिन्न समाज व संस्थाओ ने पुष्प वर्षा कर राजसी थाट बाठ से निकली सवारी का अभिनंदन किया। शाही लवाजमे में नयनाभिराम झांकिया, बग्गी, हाथी, बेंड, ढोल आकर्षण का केंद्र रही। समिति के किशनगोपाल दरगड, राकेश पहाड़िया, नरेश दगड़ा, विनोद बज, सुनील दरडा, नवरत्न साहू, राजू दरडा, ज्ञानेंद्र सैनी, विजयकांत जैन, बनवारीलाल डागा, भागचंद चौधरी, राजू लुहाड़िया, महेन्द्र पाटनी, उमराव बाकलीवाल, विक्की साहू, सुभाष चौधरी, सुशील दाधीच मौजूद रहे। इसके अलावा पुराना शहर में नागरी सांस्कृतिक परिषद द्वारा ईसर गणगौर की शाही सवारी धूमधाम से निकाली गई।

लवाजमें में हाथी, घोड़ा, ऊंट, बग्गी एवं शाही हथियारधारी सैनिकों के साथ मनमोहक झांकियां शामिल रही। संयोजक अनुपम रतावा ने बताया कि ईसर गणगौर का श्रृंगार आकर्शक व मनमोहक रहा। काचरिया पीठ से डॉ जयकृष्ण देवाचार्य के सानिध्य में शाही सवारी सांय 5.30 बजे किला चौक से आरंभ होकर तांगा स्टेण्ड, सरवाड़ी गेट, कल्याण राय कटला पहुंची। अध्यक्ष दीपक दाधीच ने बताया कि सवारी एक अप्रैल को किले के चौक से आरंभ होकर जामड़ो का मोहल्ला होती हुयी नया शहर पांच बत्ती जायेगी।

सामाजिक कार्यकर्ता विपिन काबरा ने बताया कि पुराना शहर स्थित काबरा सदन में आजादी से पहले यानी पिछले 85 वर्षों से भी अधिक समय से ईसर गणगौर की विधिवत पूजा अर्चना की जा रही है। आसपास की महिलाएं 16 दिन तक ईसर गणगौर पूजन के लिए आती है। इस अवसर पर शकुंतला काबरा, अलका काबरा, मधु सोमानी, नीतू काबरा, ज्योति मुंदडा, सीता देवी, मधु मुंदड़ा, कोमल सोमानी, राधिका मुंदड़ा, कमला शर्मा, रुचि मुंदडा, मोनिका टेलर, करिश्मा सोनी, दमयंती मुंदड़ा, विजया लोढा, रेनू सोमानी, प्रिया मुंदड़ा सहित कई महिलाओं ने पूजा अर्चना की।

महिलाओं ने गौर-ईसर के गीत गाए

मेड़ता सिटी, (निसं)। भगवान शिव व पार्वती के विशेष पूजन पर्व गणगौर में गणगौर को पानी पिलाने की रस्म को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह देखने को मिला।

ज्योति नगर बी महिला मंडल के तत्वावधान में गणगौर पर्व मनाया महिलाओं ने गौर व ईसर जी की विशेष पूजा अर्चना की व नाचते गाते पानी पिलाने की रस्म अदा की गई। ज्योति नगर बी कॉलोनी में स्थित तोलंबिया निवास में गौर ईसर जी पूजा अर्चना की गई । पूजा अर्चना के बाद ज्योति नगर कॉलोनी से महिलाएं कलश यात्रा के साथ सिद्धि विनायक मंदिर पहुंची जहां विशेष पूजा अर्चना कर पानी पिलाने वाली रस्म की गई। पूर्व विधायक इंदिरा देवी बावरी, भगवती देवी नागर, विमला सिखवाल, मंजू लता टेलर, लाडो देवी वैष्णव, गायत्री देवी , कोमल सोनी , तारा देवी, निशा राठौड़, डिंपल ,सुमन सोनी, विनीता, खुशी, किट्टू , अनु, लक्ष्मी वैष्णव, सुमन व सपना आदि मौजूद रही।

रामनगर की सखियों ने गणगौर उत्सव मनाया

शाहपुरा कस्बे के रामनगर की सखियों ने पंचायत समिति शिव मंदिर में धूमधाम से गणगौर उत्सव मनाया।

शाहपुरा, (नि.सं.)। शाहपुरा कस्बे के रामनगर की सखियों ने पंचायत समिति शिव मंदिर में धूमधाम से गणगौर उत्सव मनाया। कण कण सूं गूंजे जय जय राजस्थान... मरुधर थारा देश में उपजे तीन रत्न...भंवर माने खेलन दो गणगौर... आदि राजस्थानी भजनों पर रामनगर सखी मंडल की महिलाएं थिरकन पर मजबूर हो गई।

सखी मंडल की किरण छीपा ओर भागिरथी नामा ने बताया कि महिलाओं ने सिर पर फूलों से सजा हुआ पारंपरिक सेवरा धारण कर शोभायात्रा निकाली।

गणगौर का पर्व पूरे हर्षोल्लास व पारंपरिक परिधान में सोलह सिंगार करते हुए सखी मंडल की सदस्यों के साथ साथ सभी महिलाओं व युवतियों ने प्रातः रामनगर कॉलोनी से सिर पर फूलों से सजा हुआ पारंपरिक सेवरा लेकर गणगौर माता के लोकगीत गाते हुए एवं नृत्य करते हुए महिलाएं राजस्थानी वेशभूषा में पंचायत समिति परिसर स्थित शिव मंदिर पहुंची। जहां पर विधि विधान के साथ कलश पूजा हुई जिसमें महिलाओं ने सेहरा की पुजा अर्चना की।

इस अवसर पर कालोनी की भागिरथी नामा, मधु अजमेरा , मधु वैष्णव , शमिष्ठा चौबे , विमला चोबे , ज्योती बघेरवाल , एकता पाराशर , सोनिया काला , रेखा ओझा, किरण छीपा आदि रामनगर कॉलोनी की महिलाएं बड़ी तादाद में उपस्थित रही।

नगर परिषद् का सहायक पर्चा वितरक निलंबित

ब्यावर, (निसं) नगर परिषद में वार्ड परिसीमन हेतु वार्ड सीमा निर्धारण कार्य में गम्भीर लापरवाही और अनियमितता के मामले में सहायक पर्चा वितरक राजेन्द्र सिंह सिसोदिया के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की गई है। इस संदर्भ में नगर परिषद आयुक्त दिव्यांश सिंह द्वारा आदेश जारी किया गया है।

राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम 1958 के नियम 13(1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राजेन्द्र सिंह सिसोदिया को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया गया है। निलम्बन अवधि में उन्हें नियमानुसार देय निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा, और उनका मुख्यालय नगर परिषद में रहेगा। इस संबंध में जिला कलेक्टर डॉ. महेंद्र खडगावत ने कड़ी चेतावनी जारी करते हुए कहा कि सरकारी कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही और अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे अपनी जिम्मेदारियों का पालन पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ करें, अन्यथा कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

बारी मोहल्ला में हवन किया

शाहपुरा, (नि.सं.)। श्रीदेवनारायण व श्रीशीतलामाता मन्दिर सेवा समिति बारी मोहल्ला वार्ड 26/ 27 शाहपुरा में हवन किया गया।

हवन आयोजन संयोजक दिनेश सिंह भाटी व सह संयोजक दिनेश कुमावत ने बताया कि स्थानीय मंदिर परिसर में चैत्र नवरात्र स्थापना,सनातन भारतीय नववर्ष विक्रम संवत 2082, चेटीचण्ड महापर्व तथा 76 वां राजस्थान स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर स्थानीय मन्दिर परिसर में विश्व शान्ति, मानव कल्याण व भारत देश ,राजस्थान राज्य व जन्मभूमि-कर्मभूमि शाहपुरा की सुख-समृद्धि के लिए हवन का आयोजन मन्दिर समिति द्वारा किया गया। सर्वप्रथम गुर्जर लांगड़ी भोपाजी परिवार से सोनू गुर्जर लांगड़ी,मुकेश गुर्जर,पप्पू गुर्जर,सुरेश गुर्जर लांगड़ी भोपाजी ने श्रीदेवनारायण भगवान व श्रीशीतलामाता जी की महाआरती की।

रूपश्री जैन महामंत्री बनी

अजमेर, (कासं)। समाजसेवी रूपश्री जैन को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नरेंद्र मोदी विचार मंच में राजस्थान प्रदेश महामंत्री के पद पर नियुक्त किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नरेंद्र मोदी विचार मंच की राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष लिलियन ग्रेस ने रूपश्री जैन की नियुक्ति की घोषणा करते हुए कहा कि वे एक कर्मठ और जुझारू समाजसेवी हैं। रूपश्री के जानकारों ने उनकी नियुक्ति पर खुशी जताई है।

रूपश्री जैन

राजस्थान दिवस महोत्सव के तहत जिला निवेश उत्सव आयोजित

अजमेर, (कासं)। राजस्थान दिवस चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के उपलक्ष्य में राज्य सरकार प्रदेशभर में साप्ताहिक महोत्सव आयोजित कर रही है। इसी कड़ी में सोमवार को राजस्थान दिवस पर जयपुर में निवेश उत्सव राइजिंग राजस्थान इंपैक्ट 1. का आयोजन किया। जिला स्तरीय निवेश उत्सव मेडिकल कॉलेज अजमेर के डॉ. भीमराव अंबेडकर सभागार में हुआ। वर्चुअली राज्य स्तरीय कार्यक्रम से वीसी के माध्यम से जोड़ा गया।

राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उद्योग एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए लॉजिस्टिक, डेटा सेन्टर एवं टेक्सटाइल और अपैरल पॉलिसी का भी विमोचन किया। साथ ही, राइजिंग राजस्थान के निवेश प्रस्तावों की मॉनिटरिंग के लिए मोबाइल ऐप का शुभारंभ, निवेशकों को भू-आवंटन पत्र वितरण, राइजिंग राजस्थान के न्यूज लेटर का विमोचन एवं राजस्थान फाउंडेशन के नए चैप्टर्स की शुरूआत के निर्देश भी जारी किए।

जिला कलक्टर लोकबंधु ने बताया कि राइजिंग राजस्थान के तहत जिले में 1030 एमओयू किए गए थे । इसके तहत जिले में लगभग 21 हजार करोड़ रुपए के निवेश होने हैं। इसमें से 33 की ग्राउंड ब्रेकिंग की गई है। इससे करीब 250 लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। इसके साथ ही 75 एमओयू का क्रियान्वयन किया गया है। इसके तहत 500 लोगों को रोजगार प्राप्त हो चुका है। एमओयू के क्रियान्वयन से जिले के आर्थिक विकास के साथ हजारों व्यक्तियों के लिए रोजगार का सृजन होगा। एम ओ यू का क्रियान्वयन आगे बढ़ाने वाले 116 उद्यमियों को राज्य सरकार द्वारा राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जयपुर आमंत्रित किया गया था।

मेडिकल कॉलेज अजमेर के डॉ. भीमराव अंबेडकर सभागार में जिला स्तरीय निवेश उत्सव में मौजूद लोगों को वर्चुअली राज्य स्तरीय कार्यक्रम से वीसी के माध्यम से जोड़ा।

कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलैक्टर गजेंद्र सिंह राठौड़, ज्योति ककवानी, उप महापौर नीरज जैन, पार्षद भारती श्रीवास्तव, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र की उद्योग अधिकारी टीना शर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं उद्योगपति उपस्थित रहे।

राज्य बीमा दावा निस्तारण में अजमेर संभाग प्रथम रहा

अजमेर, (कासं)। राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग अजमेर संभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में सेवानिवृत्त होने वाले समस्त कार्मिकों के बीमा स्वत्व दावों का परिपक्वता एक अप्रेल से 25 दिवस पूर्व 6 मार्च को निस्तारण कर पूरे राजस्थान में सर्वप्रथम कार्य पूर्ण किया गया है।

राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग की अतिरिक्त निदेशक रेखा शर्मा ने बताया कि राजस्थान सरकार की मंशानुसार समस्त प्रकरणों में शत-प्रतिशत भुगतान की कार्यवाही के लिए विभागीय अधिकारियों का सतत् फोलोअप, सघन मोनिटरिंग, मोटिवेशन, यथोचित एवं त्वरित कार्यवाही के फलस्वरुप ही अजमेर संभाग के सेवानिवृत्त होने वाले 3142 राज्य कर्मचारियों को लगभग राशि रूपए 367 करोड़ के अग्रिम भुगतान आदेश परिपक्वता एक अप्रेल से 25 दिवस पूर्व ही जारी कर अजमेर संभाग पुनः प्रथम स्थान पर रहा।

उन्होंने बताया कि अजमेर संभाग के अधीन वित्तीय वर्ष 2025-26 में सेवानिवृत्त होने वाले 3142 राज्य कर्मचारियों, इनकी पॉलिसी एक अप्रेल को परिपक्व हो रही है। इसमें कुल राशि रूपए 367 करोड़ के भुगतान के लिए जिला कलक्टर अजमेर, ब्यावर, भीलवाडा, नागौर, शाहपुरा एवं टोंक द्वारा एक अप्रेल को भुगतान इनिशियेट किया जाएगा। जिला कार्यालय अजमेर में अजमेर के 610 कार्मिकों को 70 करोड़ एवं केकड़ी के 191 कार्मिकों को 24 करोड़ कुल 94 करोड़, ब्यावर के 302 कार्मिकों को 33 करोड़, भीलवाडा के 503 कार्मिकों को 62 करोड़ एवं शाहपुरा के 202 कार्मिकों को 27 करोड़ कुल 89 करोड़, नागौर के 536 कार्मिकों को 61 करोड़, डीडवाना के 351 कार्मिकों को 38 करोड़, टोंक के 447 कार्मिकों को 53 करोड़, इस प्रकार अजमेर संभाग में कुल उत्पन्न 3142 पॉलिसियों में परिपक्वता तिथी से 25 दिवस पूर्व शत-प्रतिशत अग्रिम निस्तारण कर राशि रुपए 367 करोड़ के भुगतान आदेश तैयार कर अजमेर संभाग ने राजस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

संभाग के अधीनस्थ जिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अवकाश के दिवसों में भी दिन-रात कड़ी मेहनत करके राजस्थान में सर्वप्रथम अग्रिम निस्तारण कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

गोहाना से विद्युत सेवा रहेगी बाधित

ब्यावर, (निसं) मंगलवार को प्रातः 06:00 से दोपहर 01.00 बजे तक 33/11 केवी गोहाना जीएसएस पर आवश्यक रख रखाव हेतु शट डाउन रखा जाएगा। जिससे 33/11 केवी गोहाना जीएसएस से निकलने वाले सभी 11 केवी फीडर, नाम 11 केवी केएम फीडर, 11 केवी विश्वकर्मा फीडर, 11 केवी गोहाना ग्रामीण फीडर, 11 केवी सनवा फीडर, 11 केवी सिंघाडिया फीडर, से संबंधित फीडर से संपूर्ण आपूर्ति प्रभावित/ बंद रहेगा।

गणगौर पूजन संपन्न

अजमेर, (कासं)। अखण्ड सौभाग्य, प्रेम एवं अच्छे वर की कामना का पर्व गणगौर सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। इसके साथ ही 16 दिनों से चल रहा गणगौर पूजन का समापन हुआ। महिलाओं ने गणगौर का पर्व पर हाथों में मेहंदी रचाई और शहर में कई जगह हुए उद्यापन कार्यक्रम हुए। ईसर-गणगौर पर्व पर जैलें की सवारी निकाली गई महिलाएं मंदिर से जैलें लेकर आईं। यहां शिव पार्वती के रूप में ईसर गणगौर को श्रृंगारित कर पूजन किया।

सुरेश रावत ने समस्याएं सुनी

अजमेर, (कासं)। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने सोमवार को सर्किट हाउस, अजमेर में अल्पप्रवास के दौरान आमजन के अभाव अभियोग सुने तथा संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए और शिकायतों का निस्तारण तय समय सीमा में किया जाए।

इस अवसर पर विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं आमजन उपस्थित रहे। मंत्री रावत ने जल संसाधन संबंधी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी की।

नाम परिवर्तन

मेरे पुत्र शेषकरण प्रजापत व विरेन्द्र के शैक्षणिक दस्तावेजो में मेरा नाम रघुवीर व रघु वीर प्रजापत अंकित है, जबकी मेरे सभी सरकारी दस्तावेजो मे मेरा नाम कचरू पुत्र रामलाल अंकित है, भविष्य मे मुझे कचरू KACHRAU से जाना पहचाना जायेगा।

कचरू पुत्र रामलाल 1871 ईदगाह चौरसियावास रोड अजमेर

NAME CHANGE

I Rajvansh Singh is Father of Army No 18002435W, HAV, Janardan Singh, Residing Vill- Nayay, Po - Muradabad, Teh-Sasaram, Dist-Rohtas, 821113 Have changed my name From Raj Bansh Singh to Rajvansh Singh Vide affidavit no BX038786 Dt 29/3/2025 before court Campus Nasirabad

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों के पक्ष में नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की चौरसियावास योजना के आवासीय/व्यावसायिक भूखण्ड संख्या/खसरा संख्या 1552 व 1554 का एक भाग है, क्षेत्रफल 133.33 वर्ग गज के आवंटी/अन्तरिति (1) श्री सुनीता देवी पत्नी श्री भगवानदास केसवानी मृत्यु दिनांक 21.12.2010 व (2) श्री भगवानदास केसवानी पुत्र श्री सेऊमल केसवानी मृत्यु दिनांक 29.11.2022 निवासीगण 22 अभियन्ता नगर, चौरसियावास रोड, अजमेर की मृत्यु होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट संलग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः (1) मनीष केसवानी (2) हितेश केसवानी (3) अश्वनी केसवानी पुत्रगण स्व. श्री भगवानदास केसवानी निवासी 22 अभियन्ता नगर, चौरसियावास रोड, अजमेर द्वारा नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी, अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर